(प्रपत्र–13(b)

# Justification of Land

इस मोटर मार्ग निर्माण होने से स्थाई/अस्थाई रोजगार उत्पन्न होगा। ग्रामीण अपनी दैनिक जरूरतों का सामान आदि लेने नजदीक के बाजार में आ जा सकेगें। इस मोटर मार्ग से 1800 जनसंख्या संयोजित हो रही है। ग्रामीण खेतों में पैदा होने वाली उपज को किसी भी नजदीकी बाजार में ले जाकर बेच सकेगें एंव इससे देश की उत्पादकता में बढोत्तरी होगी जिससे ग्रामीणों की आय बढेगी। इस मोटर के निर्माण से उत्तराखण्ड के इस भाग में भी पर्यटन के अवसर पैदा होगें जिससे स्थानीय निवासियों एंव सरकार की आमदनी होगी। इस गांव में यातायात की सुविधा न होने के कारण एंव सडक न होने से बच्चें स्कूल न जाकर खेती–बाडी के कामों में लग जाते है। लेकिन मोटर मार्ग बनने स्थानीय बच्चे स्कूल पढने के लिए अन्य स्थानों पर जा सकेगे। जिससे देश में निर्माण में भागीदारी निश्चित कर सके एंव शिक्षा के स्तर में बढोत्तरी होगी। इस मोटर मार्ग के बनने से ग्रामीणों को चिकित्सा सुविधा आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। जिससे एक स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। मोटर मार्ग निर्माण से घर पर कार्य करने वाली गृहणी भी अपने घर का आवश्यक सामान आदि आसानी से उपलब्ध कराने में सक्षम होगी।

इस मोटर मार्ग के निर्माण से वन विभाग अक्सर आग लगने पर कम समय में आग पर काबू पा सकेगें एंव यह मार्ग एक फायर लाइन का काम भी करेगी। मोटर मार्ग के निर्माण से वन विभाग अपनी वन सम्पदा की देख–रेख भी आसानी से कर सकेगा। यह एकमात्र समरेखण कम लम्बाई का है जिससे ग्राम डिरनाड जिनकी जनसख्या को जोडा जा सकेगा तथा इस मोटर मार्ग से पिछडे गांव के लोगों को देश की मुख्यधारा में लाया जा सकेगा। अतः इस मोटर के निर्माण की अत्यन्त आवश्यकता है जिसके लिये वन भूमि हस्तान्तण की आवश्यकता होगी।

अपर सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0
नि0ख0 लो0नि0वि0
कालसी

सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0
नि0ख0 लो0नि0वि0,
कालसी

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0
नि0ख0 लो0नि0वि0
कालसी

वन क्षेत्राधिकारी
बावर रेंज
चिल्हाड/कण्डोला

उप प्रभागीय वनाधिकारी
चकराता वन प्रभाग
कालसी

प्रभागीय वनाधिकारी
चकराता वन प्रभाग
चकराता (देहरादून)

परियोजना का नामः– जनपद देहरादून में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत कथियान से डिरनाड मोटर मार्ग के निर्माण में आने वाली वन भूमि (3.385 हे0) के सम्बन्ध में।

## वैकल्पिक समरेखण निरस्त किये जाने का प्रमाण–पत्र

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (निर्माण खण्ड) कालसी के अन्तर्गत कथियान से डिरनाड मोटर मार्ग के (7.50 कि.मी.) स्टेज–। प्रथम के नव निर्माण में आने वाली वन भूमि (3.0835 हे0) हेतु प्रस्तावित है जिसकी ऑनलाईन प्रोजल संख्या P/UK/ROAD/34380/2018 है। उक्त मोटर मार्ग को कथियान मोटर मार्ग से 7.50 कि.मी. लम्बाई में जोड़ने हेतु वनभूमि प्रस्ताव गठित किया गया है। उक्त मोटर मार्ग के बनने से ग्राम डिरनाड के ग्रामीण मात्र 7.50 की दूरी में कथियान मार्ग से जुड़ते हैं। जिस कारण उन्हें राजकीय अस्पाताल, उच्च शिक्षा एवं अन्य सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

ग्राम डिरनाड तक पूर्व में एक जीप रोड बनी हुयी है जिस हेतु इसी समरेखण का ग्रेड सुधार कर पी0एम0जी0एस0वाई0 द्वारा मार्ग बनाया जायेगा। इस मोटर मार्ग पर ही समरेखण ले जाने से वृक्षों का पातन भी कम से कम हो रहा है। यदि अन्य वैकल्पिक मार्ग हेतु नया समरेखण का प्रस्ताव गठित किया जाता है तो प्रकिया में काफी समय लगेगा जिस हेतु कम से कम 2 से 3 माह भी लग सकते हैं तथा नये प्रस्ताव को पुनः ऑनलाईन करना पड़ेगा।

उपरोक्त तथ्यों के क्रम में ही वैकल्पिक समरेखण को निरस्त किया गया है।

सहायक अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0, कालसी

अधिशासी अभियन्ता
पी0एम0जी0एस0वाई0, निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0, कालसी